**भारत सरकार** **लोक सभा**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **तारांकित प्रश्न सं. *243**

**<u>दिनांक 10 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>**

मसाला बोर्ड की एक शाखा की स्थापना

*243. श्री के॰ नवासखनीः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का तमिलनाडु में परमकुड़ी में मिर्च और काली मिर्च के बड़ी मात्रा में उत्पादन के दृष्टिगत परमकुड़ी में मसाला बोर्ड की एक शाखा की स्थापना करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री</u>**

**(श्री पीयूष गोयल)**

(क) से (ग): सदन के पटल पर एक विवरण रखा गया है।

*****

**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2950**

**<u>दिनांक 10 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>**

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास **प्राधिकरण**

2950. श्री ई॰टी॰ मोहम्मद बशीरः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भारत में समुद्री उत्पाद निर्यात विकास **प्राधिकरण** की **उपलब्धियों** के **आधार** पर कोई समीक्षा की है; और

(ख) यदि हां, तो **तत्संबंधी** ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

**(श्री पीयूष गोयल)**

(क) जी हां।

(ख) दिनांक 17.11.2016 को वाणिज्य विभाग द्वारा समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण(एम्पीडा) की समीक्षा की गई। इस समीक्षा में, विभाग ने उच्चतम मूल्यवर्धन, जलीय संगरोध सुविधा की स्थापना के साथ-साथ ब्रुड-स्टॉक गुणन केंद्र जैसे दवाब क्षेत्रों पर बल दिया, जो समुद्रपार देशों में समुद्री उत्पाद निर्यात के संवर्धन के लिए आवश्यक है। एम्पीडा को निर्यात उन्मुख मत्स्य पालन संबंधी प्रौद्योगिकीय विकास के लिए निजी तथा अन्य सरकारी संगठन हेतु एक सुगमकर्ता व उत्प्रेरक की भूमिका निभाने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

**भारत सरकार** **लोक सभा**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं. 2938**

**<u>दिनांक 10 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>**

**मूल्य स्थिरीकरण निधि**

2938. श्री देवुसिंह **जेसिंहभाई** चौहानः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बागानी फसलों हेतु मूल्य स्थिरीकरण **निधि** (पीएसएफ) के उद्देश्य और प्रमुख विशेषताएं क्या हैं तथा इसके अंतर्गत कौन–सी सामग्रियां और सुवि**धा**एं दी जा रही हैं;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान कितनी **निधि** आवंटित और उपयोग की गई है;

(ग) क्या सरकार द्वारा कृषि उत्पादों में मूल्य अस्थिरता को कम करने के लिए कोई पीएसएफ स्थापित किया गया है/स्थापित करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो **तत्संबंधी** ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त योजना की समीक्षा की है और क्या इसे **संशोधित** करने का विचार है;

(ङ) यदि हां, तो **तत्संबंधी** ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है और प्रस्तावित बदलाव क्या हैं; और

(च) **संशोधित** योजना को कब तक अंतिम रूप दिए जाने की संभावना **है**

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

**(श्री पीयूष गोयल)**

(क) और (ख): रोपण फसलों की अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों में उतार- चढ़ाव तथा निर्यात बाज़ारों में उत्पादकों की निर्भरता को ध्यान में रखते हुए सरकार ने चार हेक्टेयर जोत तक के कॉफी, चाय, रबड़ व तम्बाकू के छोटे उत्पादकों, को वित्तीय राहत प्रदान करने हेतु दिनांक 01 अप्रैल, 2003 से 30 सितम्बर, 2013 तक मूल्य स्थिरीकरण फंड(पीएसएफ) योजना को आरंभ और क्रियान्वित किया था। यह वित्तीय राहत इन वस्तुओं की कीमतें मूल्य स्पैक्ट्रम बैंड कम होने की स्थिति में प्रदान की गई थी। प्रत्येक वर्ष इन सभी चार वस्तुओं के लिए एक समान मूल्य स्पैक्ट्रम बैंड की घोषणा वाणिज्य विभाग द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति(एचपीसी) द्वारा फसलों के पिछले सात वर्षों में 20 प्रतिशत जोड़ से 20 प्रतिशत घटा की औसत सीमा के साथ की गई। यह स्कीम संकट की अवधि के दौरान उत्पादकों द्वारा योगदान वापस लेने के प्रावधान के साथ् सामान्य/उछाल/संकट अवधि पर निर्भर करते हुए उत्पादकों तथा सरकार से योगदान के सिद्धांत पर आधारित थी।पीएसएफ स्कीम को क्रियान्वित करने के लिए वाणिज्य विभाग और नाबार्ड द्वारा मूल्य स्थिरीकरण फंड ट्रस्ट(पीएसएफटी) गठित की गई। उत्पादक सदस्यों को प्रवेश शुल्क के लिए 500 रुपये (अप्रतिदेय) जमा करना था, जो कि पीएसएफ कोष का एक भाग होगा। यदि कीमतें बैंड के सीमा के भीतर रहती है, तो उस वर्ष को सामान्य वर्ष घोषित किया जाएगा तथा उत्पादक और पीएसएफटी प्रत्येक राष्ट्रीयकृत बैंकों में इस योजना के प्रयोजन हेतु खोले गए पी एस एफ बचत खाता में 500 रुपये जमा करेंगे। अगर कीमत ऊपरी बैंड से अधिक हो जाती है तो उस वर्ष को उछाल वर्ष घोषित किया जाएगा तथा केवल उत्पादक खाते में 1000 रुपये जमा

करेगा और कीमत निचले बैंड से कम हो जाती है तो, उस वर्ष को संकट वर्ष घोषित किया जाएगा तथा केवल पीएसएफटी ही उत्पादकों के खाते में 1000 रुपये जमा करेगी। संकट वर्ष में, प्रत्येक पात्र उत्पादक को संबंधित खाते से 1000 रुपये वापिस लेने के लिए अनुमति दी गई थी। इस स्कीम को दिनांक 30/09/2013 को बंद कर दिया गया था। अत: पिछले तीन वर्षों के दौरान इस स्कीम के अंतर्गत कोई निधि आबंटित तथा उपयोग नहीं की गई।

(ग): पीएसएफ स्कीम को क्रियान्वित करने के लिए भारत सरकार के 432.88 करोड़ रुपये के योगदान तथा उत्पादकों के 2.67 करोड़ रुपये योगदान(कुल 435.55 करोड़ रुपये) के साथ वर्ष 2003 में समग्र निधि की स्थापना की गई थी। 10 वर्षों की अवधि के लिए सितम्बर 2003 में स्थापित पीएसएफटी, पीएसएफ स्कीम को क्रियान्वित तथा पीएसएफ समग्र निधि का संचालन कर रहा था। स्कीम के प्रावधानों के अनुसार, समग्र निधि से प्राप्त ब्याज का उपयोग, भारत सरकार के सार्वजनिक लेखा में निहित समग्र निधि में बरकरार रखते हुए योजना को क्रियान्वित करने के लिए किया गया था। पीएसएफ ट्रस्ट को दिनांक 11/09/2013 से 10 वर्षों की अवधि के लिए पुनः पंजीकृत कर दिया गया है।पीएसएफ के दिशा-निर्देश अनुसार, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अन्त में ब्याज परिकलित किया जाता है तथा आरक्षित निधि-पीएफएसटी को अंतरित किया जाता है।

(घ) से (च): पीएसएफ स्कीम सफल नहीं रही। इस योजना में कमियों को दूर करने के उद्देश्य से अक्तूबर, 2012 में स्कीम की समीक्षा की गई। इसके परिणामस्वरूप, व्यय सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 04/06/2014 को आयोजित बैठक में एक संशोधित पीएसएफ स्कीम मसौदा तैयार किया गया व चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मूल्य स्थिरीकरण निधि ट्रस्ट में उपलब्ध समग्र निधि का उपयोग वाणिज्य विभाग द्वारा उत्पादकों का बीमा करने के लिए, एक संशोधित बीमा प्रीमियम सबवेन्शन स्कीम को लागू करने हेतु किया जाएगा। तदनुसार, चाय, कॉफी, रबड़ व इलायची के छोटे उत्पादकों को मौसम तथा कीमतों के दोहरे जोखिमों से सुरक्षा करने के लिए वाणिज्य विभाग ने चयनित बीमा कंपनियों के माध्यम से पण्य बोर्डों द्वारा सात राज्यों के 9 जिलों में क्रियान्वयन के लिए रोपण फसल राजस्व बीमा योजना(आरआईएसपीसी) नामक एक प्रायोगिक स्कीम की स्वीकृति प्रदान की। हालांकि,स्कीम लक्षित समूह और बीमा कंपनियों से अपेक्षित प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं कर सकी।

भारतीय रोपण प्रबंधन संस्थान, बैंगलुरू ने इस स्कीम का मूल्यांकन किया तथा कॉफी, चाय, इलायची व तम्बाकू के लिए फसल विशिष्ट बीमा योजना की सिफारिश की जिससे कि प्रत्येक फसल कि आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके । पण्य बोर्ड को इस मूल्यांकन अध्ययन द्वारा यथा संस्तुत उचित योजनाऐं तैयार करने की सलाह दी गई है। संशोधित स्कीम को अंतिम रूप देना व अनुमोदन प्रदान करना पूर्व स्कीम की कमियों को दूर करते हुए उचित योजनाओं के प्रस्तुतीकरण पर निर्भर है।

**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2866**

**दिनांक 10 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए**

फार्मास्यूटिकल और निर्यात संवर्धन परिषद

2866. श्री हंस राज हंसः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भारतीय फार्मास्यूटिकल उद्योग का विदेशों में संवर्धन करने में फार्मास्यूटिकल और निर्यात संवर्धन परिषद एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है;

(ख) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त परिषद द्वारा प्रबंधित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में इंडियन फार्मास्यूटिकल उद्योगों को कितना लाभ हुआ है और उक्त अवधि के दौरान कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

**(श्री पीयूष गोयल)**

(क) एवं (ख): भारतीय फार्मास्यूटिकल और निर्यात संवर्धन परिषद (फार्मेक्सिल) की स्थापना वर्ष 2004 में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा फार्मास्यूटिकल के निर्यात संवर्धन के उद्देश्य से की गई थी और यह फार्मास्यूटिकल के उत्पादों के निर्यात संवर्धन में मददकर्ता की भूमिका अदा कर रहा है। विगत पॉच वर्षों के दौरान वाणिज्य विभाग की सहायता से फार्मेक्सिल द्वारा की गई निर्यात संवर्धन गतिविधियों की सूची संलग्न है।

(ग): विभिन्न व्यापार आयोजन, मेले इत्यादि में सहभागिता के माध्यम से भारतीय फार्मास्यूटिकल उद्योग विश्वभर के देशों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने तथा दवा उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने में सक्षम रहा है। विगत पांच वर्षों के दौरान फार्मास्यूटिकल निर्यात का मूल्य निम्नानुसार है:-

| वर्ष 2018-19 को समाप्त पॉच वर्षों के लिए भारतीय फार्मा निर्यात (मिलियन अमेरिकी डालर में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 |
| फार्मास्यूटिकल निर्यात | 15433 | 16912 | 16785 | 17281 | 19134 |

अनुबंध

पिछले 5 वर्षों के दौरान वाणिज्य विभाग के सहयोग से फार्मेक्सिल द्वारा की गई निर्यात संवर्धन गतिविधियों की सूची

2014-15

| क्र.सं. | आयोजन का नाम | दिनांक | देश | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फार्माकोनेक्स , मिस्र | 01 - 03 अप्रैल, 2014 | मिस्र | आयोजन में 23 भारतीय कंपनियों ने भाग लिया |
| 2 | सीपीआई- चाइना | 26 - 28 जून, 2014 | चीन | आयोजन में 22 कंपनियों ने भाग लिया |
| 3 | सीपीएचआई -। इस्तांबुल | 04 - 06 जून, 2014 | तुर्की | फार्मेक्सिल ने आयोजन में पहली बार और 15 कंपनियों ने आयोजन में भाग लिया |
| 4 | कोरिया फार्मा | 10 - 13 जून, 2014 | दक्षिण कोरिया | फार्मेक्सिल ने इस आयोजन में दूसरी बार भागीदारी की आयोजन में 12 कंपनियों ने हिस्सा लिया है |
| 5 | इन्टरफेक्स | 05 - 07 जुली, 2014 | जापान | फार्मेक्सिल ने बी2 बी का आयोजन किया और 15 कंपनियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया |
| 6 | दक्षिण अमेरिका मेंएक्सपो-कम-बीएसएम | 05 - 07 अगस्त 2014 | ब्राजील | आयोजन में 15 कंपनियों ने हिस्सा लिया। |
| 7 | व्यापार प्रतिनिधिमंडल लैटिन अमेरिका | 07 वीं - 20 वीं अगस्त 2014 | बोलीविया, पेरू, ईएलसालवाडोर ग्वाटेमाला | आयोजन में 27 कंपनियों ने हिस्सा लिया |
| 8 | रूस, मास्को में भारत शो | 24 - 25 सितम्बर,2014 | रूस | आयोजन में 20 कंपनियों ने भाग लिया और 120 विदेशी खरीदारों ने भाग लिया |
| 9 | सीपीएचआई - विश्वव्यापी | 07 - 09 अक्टूबर, 2014 | पेरिस | फार्मेक्सिल ने आयोजन में 9 वीं बार भाग लिया और 35 कंपनियों ने भाग लिया । |
| 10 | फार्मटेक | 25 - 28 नवंबर, 2014 | रूस | फार्मेक्सिल द्वारा दूसरी बार भागीदारी और 10 कंपनियों ने भाग लिया है। |
| 1 1 | अरब स्वास्थ्य | 26 - 29 जनवरी 2015 | दुबई | इस आयोजन में यह लगातार 08 वीं भागीदारी है। आयोजन में 48 कंपनियों ने भाग लिया |
| 12 | पूर्व यूरोपीय देशों के लिए व्यापार प्रतिनिधिमंडल | 15 - 25 फ़रवरी 2015 | हंगरी, रोमानिया, चेक गणतंत्र | फार्मेक्सिल ने आयोजन किया और 22 कंपनियों ने आयोजन में भाग लिया |
| 13 | म्यांमार में | 19 - 21 फरवरी 2015 | म्यांमार | एक्सपो में 20 कंपनियों ने भाग |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | एक्सपो-सह-बीएसएम | | | लिया |
| 14 | सीआईएस देश में व्यापार शिष्टमंडल | 08 - 18 मार्च, 2015 | उज़्बेकिस्तान,किर्गिस्तान और कजाकिस्तान | बीएसएम में 48 भारतीय कंपनियों ने भाग लिया |
| 15 | आसियान देशों में व्यापार शिष्ट मंडल | 11 - 20 मार्च, 2015 | फिलीपींस , कंबोडिया और वियतनाम | वियतनाम में एक्सपो आयोजित किया गया और अन्य 2 देशों में बीएसएम 45 कंपनियों ने भाग लिया । |
| 16 | एन्ग्रेडिया | 06 - 08 मार्च, 2015 | संयुक्त राज्य अमेरिका | आयोजन में 10 कंपनियों ने हिस्सा लिया |
| 17 | आफेक्स | 21 - 23 मई 2014 | भारत | 300 भारतीय प्रदर्शकों और 620 विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया है |
| 18 | वाइब्रेंट गुजरात में बीएसएम | 09 -11 जनवरी, 2015 | भारत | 120 भारतीय प्रतिनिधि और 70 प्रवासी बीएसएम में भाग ले चुके हैं |
| 19 | बायो एशिया | 05 - 07 फ़रवरी 2015 | भारत | 24 प्रवासी और 60 भारतीय प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल हुए |

2015-16

| क्र.सं. | आयोजन का नाम | दिनांक | देश | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फार्मेकोनेक्स | 18 -20 अप्रैल,2015 | मिस्र | फार्मेक्सिल लगातार तीसरे साल के लिए भाग लिया और भारत मंडप आयोजित किया। 23 कंपनियों ने भाग लिया |
| 2 | सीपीआई- चाइना | 24 -26 , जून,2015 | चीन | लगातार 5 वें वर्ष भाग लिया और भारत पवेलियन का आयोजन किया। 23 कंपनियां |
| 3 | कोरिया फार्मा | 21 -24 एप्रिल, 2015 | दक्षिण कोरिया | फार्मेक्सिल लगातार 3 साल के लिए भाग लिया और भारत मंडप आयोजित किया । 12 कंपनियों ने भाग लिया |
| 4 | ईरान स्वास्थ्य | 15 -18 मई,2015 | ईरान | फार्मेक्सिल भाग लिया और भारत मंडप आयोजित किया 20 कंपनियों ने भाग लिया |
| 5 | सीपीएचआई -I इस्तांबुल | 03 - 05 जून, 2015 | तुर्की | फार्मेक्सिल ने लगातार दो वर्ष भाग लिया और भारत मंडप आयोजित किया । 26 कंपनियों ने भाग लिया |
| 6 | बीएसएम - सह - एलएसी देशों में प्रदर्शनी | 23 अगस्त - 05 सितंबर, 15 | पेरू, परागुआ चिली एक एन डी | फार्मेक्सिल ने पेरू में बीएसएम सह एक्सपो आयोजित किया और 3 एलएसी देशों में बीएसएम का आयोजन किया है। आयोजन में 42 कंपनियों ने भाग |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | अर्जेंटीना | लिया । |
| 7 | सीपीएचआई - विश्वव्यापी | 13 -15 अक्टूबर ,2015 | स्पेन | आयोजन में फार्मेक्सिल की 10 वी बार भागीदारी । आयोजन में 50 कंपनियों ने भाग लिया |
| 8 | रूस में एक्सपो- कम- और बीएसएम बेलारूस और उज़्बेकिस्तान में बीएसएम | 24 फरवरी - 05 मार्च, 2016 | रूस, बेलारूस और उजबेकिस्तान | फार्मेक्सिल ने रूस में बीएसएम सह एक्सपो का आयोजन किया जिसके बाद 2 देशों में बीएसएम का आयोजन किया। आयोजन में 75 कंपनियों ने हिस्सा लिया। |
| 9 | अरब हेल्थ 2016 | 25 - 28 जनवरी, 2016 | दुबई | फार्मेक्सिल ने लगातार 9 वें वर्ष भाग लिया और इंडिया पैवेलियन का आयोजन किया। 51 कंपनियों ने भाग लिया |
| 10 | वीटा फूड | 05 -7 2015 | स्विट्जरलैंड | फार्मेक्सिल ने लगातार 6 वर्ष में भाग लिया और भारत मंडप आयोजित किया । 10 कंपनियों ने भाग लिया |
| 11 | आईपीएचईएक्स - अफ्रीका और नाइजीरिया में बीएसएम | 18 -19 फरवरी2016 | नाइजीरिया | फार्मेक्सिल ने नाइजीरिया में एक्सपो का आयोजन किया।84 कंपनियों ने भाग लिया |
| 12 | आईपीएचईएक्स | 13 - 15 मई,2015 | भारत | आईपीएचईक्स का तीसरा rd संस्करण मुंबई में आयोजित किया गया था । 401 भारतीय कंपनियों ने प्रदर्शन किया। 550 विदेशी खरीदारों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया । |
| 13 | आसियान देशों केलिए व्यापार प्रतिनिधिमंडल | 13 -23 मार्च 16 | कंबोडिया ,वियतनाम और थाईलैंड | फार्मेक्सिल ने वियतनाम, कंबोडिया और थाईलैंड में व्यापार प्रतिनिधिमंडल का आयोजन किया और 35 भारतीय कंपनियों ने भाग लिया । |
| 14 | आपूर्ति पक्ष - पश्चिम | 07 - 08 अक्टूबर, 2015 | स्विट्जरलैंड | फार्मेक्सिल ने प्रदर्शनी में भाग लिया और 10 भारतीय कंपनियों ने भाग लिया |
| 15 | इंडिया फार्मा एक्सपो में बीएसएम | 07 -09 जनवरी, 2016 | भारत | फार्मेक्सिल ने आयोजन में भाग लिया और 100 भारतीय कंपनियों और 20 विदेशी खरीदारों ने भाग लिया |

2016-17

| क्र.सं. | घटना का नाम | दिनांक | देश | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फार्मेकोनेक्स | 19 -21 अप्रैल,2016 | मिस्र | फार्मेक्सिल ने लगातार चौथे वर्ष भाग लिया और भारत मंडप की स्थापना की। 23 कंपनियों ने भाग लिया । |
| 2 | सीपीएचआई - जापान | 20 -22 अप्रैल,2016 | जापान | फार्मेक्सिल ने आयोजन में भाग लिया और 15 कंपनियों ने भाग लिया |
| 3 | कोरिया फार्मा | 26 -29 अप्रैल,2016 | दक्षिण कोरिया | फार्मेक्सिल ने लगातार चौथे |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ष भाग लिया और भारत मंडप की स्थापना की।<br>19 कंपनियों ने भाग लिया । |
| 4 | वीटा फूड | 10 -12 मई,2016 | स्विट्ज़रलैंड | फार्मेक्सिल ने लगातार 7 वें वर्ष भाग लिया और भारत मंडप की स्थापना की। 10 कंपनियों ने भाग लिया |
| 5 | ईरान हेल्थ | 15 -18 मई,2016 | ईरान | फार्मेक्सिल ने भाग लिया और भारत मंडप का आयोजन किया। 20 कंपनियों ने भाग लिया । |
| 6 | सीपीएचआई -I इस्तांबुल | 01 - 03 जून, 2016 | तुर्की | फार्मेक्सिल ने लगातार तीसरे वर्ष भाग लिया और भारत मंडपकी स्थापना की।<br>13 कंपनियों ने भाग लिया |
| 7 | एएपीआई - यूएसए | 01 -03 जुलाई, 2016 | अमेरिका | फार्मेक्सिल ने आयोजन में पहली बार हिस्सा लिया । |
| 8 | आईपीएचईएक्स - एमएटीएएम और बीएसएम एलएसी देशों में | 24 अगस्त, - 02 सितंबर, 2017 | पेरू, कोलंबिया, मैक्सिको, पनामा | फार्मेक्सिल ने पेरू में बीएसएम-सह एक्सपो और 3 एलएसी देशों में बीएसएम का आयोजन किया है। आयोजन में 25 कंपनियों ने भाग लिया |
| 9 | सीपीएचआई - विश्वव्यापी | 4 -6 अक्टूबर, 2016 | स्पेन | आयोजन में फार्मेक्ससिल की 11 वीं भागीदारी। आयोजन में 45 कंपनियों ने भाग लिया |
| 10 | 2रा यूरोपीय विश्व आयुर्वेद कांग्रेस | 15 -18 अक्टूबर, 2016 | जर्मनी | पहली बार फार्मेक्सिल ने प्रदर्शनी में भाग लिया । |
| 1 1 | रूस में एक्सपो-कम-बीएसएम और मालदोवा एवं कजाकिस्तान में बीएसएम | 22 नवंबर - 10 वर्ष 2016 | रूस, मोल्दोवा और कजाकिस्तान | फार्मेक्सिल ने रूस में बीएसएम सह एक्सपो का आयोजन किया 2 देशों में बीएसएम का आयोजन किया। आयोजन में 50 कंपनियों ने हिस्सा लिया। |
| 12 | अरब हेल्थ 2017 | 28 जनवरी, - 01 फरवरी, 2017 | दुबई | फार्मेक्सिल ने लगातार 11 वें वर्ष भाग लिया और भारत मंडप का आयोजन किया।<br>35 कंपनियों ने भाग लिया |
| 13 | सीपीएचआई- चीन | 21 -23 जून,2016 | चीन | लगातार 6 वें वर्ष भाग लिया और भारत पवेलियन का आयोजन किया।<br>19 कंपनियों ने भाग लिया। |
| 14 | आईपीएचईएक्स -अफ्रीका और ज़ामिया तथा | 13 -21 फरवरी, 2017 | इथियोपिया, जाम्बिया, तंजानिया | फार्मेक्सिल ने इथियोपिया में एक्सपो का आयोजन किया और 2 देशों में बीएसएम का आयोजन |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | तंजानिया में बीएसएम | | | किया। 40 कंपनियों ने भाग लिया |
| 15 | आईपीएचईई-एक्स | 27 -29 अप्रैल 2016 | भारत | आईपीएचईएक्स का चौथा संस्करण 27-29 अप्रैल 2016 के दौरान मुंबई में आयोजित किया गया था। 300 भारतीय कंपनियों ने प्रदर्शन किया। आयोजन में 600 विदेशी खरीदारों ने हिस्सा लिया। |

**2017-18**

| क्र.सं. | आयोजन का नाम | तारीख | देश | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फार्माकोनेक्स , मिस्र | 08 -10 , फरवरी, 2017 | मिस्र | आयोजन में 19 भारतीय कंपनियों ने भाग लिया |
| 2 | सीपीआई- चाइना | 20 -22 जून 17 | चीन | आयोजन में 20 कंपनियों ने भाग लिया |
| 3 | एलएटीएएम-पेरू | 27 अगस्त - 09 सितंबर, 2017 | पेरू, कोलम्बिया, एल सलवाडोर | फार्मेक्सिल ने पेरू में बीएसएम सह एक्सपो और कोलम्बिया में बीएसएम का आयोजन किया, अल सलवाडोर और 30 कंपनियों ने आयोजन में भाग लिया |
| 4 | सीपीएचआई – वर्ल्डवाइड | 24 - 26 अक्टूबर, 2017 | जर्मनी | फार्मेक्सिल ने आयोजन में 12 वीं बार भाग लिया और 52 कंपनियों ने भाग लिया |
| 5 | अरब हेल्थ | 28 - 31 , जनवरी 2018 | दुबई | इस आयोजन में यह लगातार 12 वीं भागीदारी है। आयोजन में 60 कंपनियों ने भाग लिया |
| 4 | अफ्रीका में बी.एस.एम. | 18 -28 फरवरी, 2018 | कांगो, नाइजीरिया और कोटे डी 'आइवरी | फार्मेक्सिल ने पहली बार अफ्रीका में बीएसएम सह एक्सपो का आयोजन किया और 49 कंपनियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया |
| 5 | आइफेक्स | 27 -29 अप्रैल, 2017 | इंडिया | इस आयोजन का 5 संस्करण और 300 भारतीय कंपनियों और 650 विदेशी खरीदारों ने भाग लिया |
| 6 | सीपीआई –इण्डिया | 28 -30 नवंबर, 17 | इंडिया | 12वीं बार फार्मेक्सिल ने इवेंट में भाग लिया। आयोजन में 106 कंपनियों ने भाग लिया |
| 7 | अंतर्राष्ट्रीय आरोग्य | 04 - 07 दिसंबर, 17 | इंडिया | इस आयोजन में 70 विदेशी और 130 भारतीय प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया |

**2018-19**

| क्र.सं. | आयोजन का नाम | दिनांक | देश | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सीपीएच आई जापान | 18 -20 अप्रैल, 2018 | जापान | फार्मेक्सिल ने सीपीएचआई, जापान में भारत पैवेलियन का आयोजन किया और 20 भारतीय कंपनियों ने भाग लिया। |
| 2 | आइफेक्स | 8 -10 मई, 2018 | इंडिया | आइफेक्स (फार्मा और हेल्थकेयर के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी) नई दिल्ली में आयोजित हुआ जहां 360 से अधिक प्रदर्शकों, 900 विदेशी प्रतिनिधियों और 1500 आगंतुकों ने भाग लिया। |
| 3 | सीपीएच आई चीन | 21 -23 जून, 2018 | चीन | फार्मेक्सिल ने भारत पैवेलियन का आयोजन किया और 21 भारतीय कंपनियों ने प्रदर्शनी में भाग लिया। |
| 4 | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और नियामक बैठक | 20 -22 अगस्त, 2018 | चीन | 27 भारतीय कंपनियों के साथ फार्मेक्सिल ने बैठक में भाग लिया और 200 से अधिक चीनी कंपनियों के साथ बातचीत की। |
| 5 | माघरेब फार्मा एक्सपो | 17 -19 सितंबर, 2018 | अलजीरिया | फार्मेक्ससिल ने माघरेब फार्मा एक्सपो में 17 भारतीय कंपनियों के साथ भाग लिया और निर्यातकों को एपीआई न्यूट्रास्युटिकल्स फार्मा मिशनरी के लिए अवसरों की जानकारी दी। |
| 6 | ईरान फार्मा | 24 -27 सितंबर, 2018 | ईरान | एपीआई निर्यातकों और अनुबंध निर्माण के अवसरों के लिए उपलब्ध अच्छे निर्यात अवसरों के मद्देनजर, फार्मेक्सिल ने इस इवेंट में पैवेलियन का आयोजन किया, जिसमें 19 भारतीय कंपनियों ने भाग लिया। |
| 7 | एलएसी के लिए व्यापार प्रतिनिधिमंडल | 3 -14 सितंबर, 2018 | ब्राज़ील, ग्वाटेमाला और होंडुरास | भारतीय फार्मा निर्यात को एलएसी क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए, फार्मेक्सिल ने प्रतिभागियों के रूप में 21 भारतीय कंपनियों के साथ प्रतिनिधिमंडल बनाया। |
| 8 | सीपीएच आई वर्ल्डवाइड | 9 -11 अक्टूबर, 2018 | स्पेन | फार्मेक्सिल ने 55 भारतीय कंपनियों के साथ भाग लिया और भारत पैवेलियन का आयोजन किया। |
| 9 | सीआईएस देशों के लिए व्यापार प्रतिनिधिमंडल | 17 नवंबर - 1 दिसंबर, 2018 | रूस, तुर्कमेनिस्तान और यूक्रेन | फार्मेक्सिल के नेतृत्व में भारतीय फार्मा कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल ने क्रेता विक्रेता बैठक और सरकारी अधिकारियों के साथ इंटरैक्टिव बैठकें कीं। आयोजन में 23 भारतीय कंपनियों ने भाग लिया |
| 10 | सीपीएच आई | 12 -14 दिसंबर, | इंडिया | फार्मेक्सिल ने 116 स्टालों के साथ एक |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | इण्डिया | 2018 | | पैवेलियन का आयोजन किया जिसमें 108 कंपनियों ने भाग लिया। |
| 1 1 | विश्व आरोग्य कांग्रेस में आरबीएसएम | 18 -20 दिसंबर, 2018 | इंडिया | फार्मेक्सिल ने रिवर्स क्रेता-विक्रेता बैठक (आरबीएसएम) का आयोजन किया, जिसमें 6 देशों के 17 विदेशी खरीदारों को मिलने के लिए आमंत्रित किया गया और 17 से अधिक भारतीय प्रतिनिधियों ने उनके साथ बातचीत की। |
| 12 | अरब हेल्थ | 28 -30 जनवरी, 2019 | दुबई | फार्मेक्सिल ने भारत पैवेलियन का आयोजन किया और 63 भारतीय फार्मा कंपनियों ने भाग लिया। |
| 13 | आसियान देशों के लिए व्यापार प्रतिनिधिमंडल | | फिलीपींस, इंडोनेशिया और वियतनाम | फार्मेक्सिल ने एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल का आयोजन किया और क्रेता विक्रेता मीट का आयोजन किया जिसमें 24 भारतीय कंपनियों ने भाग लिया। |
| 14 | युगांडा और सूडान में आइफेक्स अफ्रीका और क्रेता विक्रेता मीट | 6 -16 मार्च, 2019 | नाइजीरिया, युगांडा और सूडान | फार्मेक्सिल ने नाइजीरिया में आइफेक्स अफ्रीका के तीसरे एडिशन में भाग लिया और युगांडा और सुडान में बीएसएम (क्रेता विक्रेता बैठक) का आयोजन किया। आयोजनों में 53 भारतीय कंपनियों ने भाग लिया। |

**भारत सरकार** **लोक सभा**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं. 2859**

**<u>दिनांक 10 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>**

## अंगूर और इसके उत्पादों का निर्यात

**2859. श्री हेमन्त तुकाराम गोडसेः**

**क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश से निर्यात किए गए अंगूर की मात्रा और मूल्य तथा इसकी उपज का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या महाराष्ट्र क्षेत्र सहित देश के अंगूर मालिकों और निर्यातकों को अंगूर के निर्यात पर भारी नुकसान हुआ है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का अंगूर मालिकों के लिए कोई राहत उपाय करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का नए क्षेत्रों/देशों को अंगूर का निर्यात करने के लिए भारतीय कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के परामर्श से योजनाएं तैयार करने का विचार है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) सरकार द्वारा देश से अंगूर के निर्यात को बढावा देने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए है?

## उत्तर

## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

## (श्री पीयूष गोयल)

(क) पिछले तीन वर्षों एवं वर्तमान वर्ष के दौरान देश से निर्यातित अंगूरों एवं इसके उत्पादों की मात्रा एवं मूल्य का विवरण नीचे दिया गया है:

मूल्य मिलियन अमेरिकी डॉलर में

| मद विवरण | मात्रा इकाई | 2016-17 | | 2017-18 | | 2018-19* | | 2019-20 ( अप्रैल-19 तक)* | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य |
| अंगूर,ताजे या सूखे | केजीएस | 231116861 | 309.32 | 231258830 | 341.88 | 265876791 | 373.41 | 35251050 | 48.13 |
| अंगूर तैयार या संरक्षित | केजीएस | 86676 | 0.16 | 39313 | 0.03 | 144997 | 0.44 | 45510 | 0.02 |
| प्रबलित वाईन सहित ताजे अंगूर की वाईन | एलटीआर | 1250450 | 8.17 | 991873 | 9.62 | 1105419 | 9.74 | 58907 | 0.44 |
| पौधों या सगंधित तत्वों के स्वाद वाले ताजे अंगूर के वरमाउथ और अन्य वाईन | एलटीआर | 22800 | 0.05 | 2548 | 0.01 | | | | |
| **कुल** | | | **317.70** | | **351.54** | | **383.60** | | **48.59** |

*अनंतिम

स्त्रोत: डीजीसीआईएंडएस

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान अंगूर का निर्यात बढ़ा है। सरकार को इस अवधि के दौरान अंगूर उपजकर्ताओं एवं निर्यातकों को अंगूर के निर्यात का भारी नुकसान होने की कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

(ग) उपरोक्त (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(घ) से (च) अंगूर जैसे कृषि उत्पादों के निर्यात का संवर्धन एक सतत प्रक्रिया है। सरकार कई देशों के साथ अंगूर के निर्यात के लिए बाजार पहुँच आग्रह करके नए क्षेत्रों/ देशों को अंगूर का निर्यात करने की कोशिश कर रही है। कृषि निर्यात नीति के तहत, महाराष्ट्र के पुणे, नासिक एवं सांगली जिलों की पहचान अंगूर के निर्यातोन्मुखी उत्पादन के लिए एक क्लस्टर के रूप में की गई है। भारत वाणिज्य वस्तु निर्यात स्कीम (एमईआईएस) के तहत अंगूर के निर्यात पर 7 प्रतिशत का प्रोत्साहन उपलब्ध है। वाणिज्य विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक स्वायत्तशासी संगठन, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद विकास प्राधिकरण (एपीडा) को अंगूर के निर्यात संवर्धन के लिए अधिदेशित किया गया है। एपीडा ने ग्रेप-नेट का कार्यान्वयन किया है जो निर्यातकों के परामर्श पर आधारित एनआरसी पुणे द्वारा चिन्हित मानदंडों के अनुपालन में भारत से निर्यात किए जाने वाले अंगूर के परीक्षण एवं प्रमाणन को सुगम बनाने के लिए हितधारकों को प्रस्तुत की गई एक वेब आधारित सेवा है। ग्रेप-नेट भारत में अंगूर आपूर्ति श्रृंखला के भीतर हितधारकों द्वारा प्रविष्ट गुणवत्ता आश्वासन डाटा एवं अग्रगामी तथा पश्चगामी संकेतों का संग्रहण, भंडारण एवं रिपोर्ट करता है। इसके अतिरिक्त,एपीडा अपनी निर्यात संवर्धन स्कीम के विभिन्न घटकों के तहत अंगूर निर्यातकों को सहायता भी प्रदान करता रहा है।

**भारत सरकार** **लोक सभा**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं. 2858**

**<u>दिनांक 10 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>**

**भारत और मोजाम्बिक के बीच समझौते पर हस्ताक्षर**

**2858. श्री पिनाकी मिश्राः**

**क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या वर्ष 2016 के दौरान जब दालों की दरें आसमान छू रही थीं, तब भारत ने आगामी पांच वर्षों में अपने आयात को दोगुना करने के लिए मोजाम्बिक के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए थे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के लिए पांच वर्षों की लंबी अवधि के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करना आवश्यक था और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या किसी विदेशी राष्ट्र के साथ इस तरह के समझौते पर हस्ताक्षर करने से किसान और मिलों से जुड़े वर्ग में नाराजगी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार अब दाल के आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध लगाकर उपभोक्ताओं और किसानों के बीच संतुलन बनाने का प्रयास कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

**(श्री पीयूष गोयल)**

(क) जी, हां। भारत ने मोजाम्बिक के साथ अरहर के उत्पादन एवं विपणन के क्षेत्र में सहयोग पर पांच वर्षों की अवधि के लिए 7 जुलाई, 2016 को एक समझौता ज्ञापन(एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं।

(ख) एवं (ग) एमओयू पर हस्ताक्षर घरेलू विद्यमान कीमतों तथा उपलब्धता परिदृश्य को देखते हुए तथा मोजाम्बिक में दलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने और भारत तथा मोजाम्बिक के बीच दलहन के व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया था। भारत और मोजाम्बिक के बीच इस एमओयू के तहत, दोनों पक्षों ने निजी सारणियों के माध्यम से या सरकार से सरकार (जी2जी) विक्रयों के जरिये 2020-21 तक मोजाम्बिक से भारत में अरहर एवं अन्य दालों के आयात की न्यूनतम वार्षिक मात्रा निर्धारित करने पर सहमति जताई है। भारत सरकार मोजाम्बिक से केवल निजी व्यापारियों द्वारा आयातों के लक्ष्य में कमी की सीमा तक दालों की खरीद के लिए प्रतिबद्ध है। अभी तक, इस एमओयू के तहत सरकारी लेखे में मोजाम्बिक से कोई आयात नहीं हुआ है। इस एमओयू के तहत 2016-17 से 2020-21 के दौरान मोजाम्बिक से दालों के आयात की न्यूनतम सहमत मात्रा निम्नलिखित है:

| वर्ष | आयातों के लिए मात्रा/लक्ष्य लाख मीट्रिक टन(एलएमटी) में |
|---|---|
| 2016-17 | 1.00 |
| 2017-18 | 1.25 |
| 2018-19 | 1.50 |
| 2019-20 | 1.75 |
| 2020-21 | 2.00 |

देश में दालों का घरेलू उत्पादन घरेलू खपत की अपेक्षाओं से कम रहा है। देश में दालों की मांग एवं आपूर्ति के बीच अंतराल की पूर्ति आयातों द्वारा की जाती है। 2016-17 से 2020-21 के दौरान दालों का घरेलू उत्पादन और आयात अद्योलिखित है:

| वर्ष | दालों का कुल उत्पादन(एलएमटी में) | दालों का कुल आयात(एलएमटी में) |
|---|---|---|
| 2015-16 | 163.2 | 57.98 |
| 2016-17 | 231.3 | 66.09 |
| 2017-18 | 254.2 | 56.08 |
| 2018-19(तीसरा अग्रिम आकलन) | 232.2 | 25.28 |
| 2019-20 | - | 2.45 |

स्त्रोत: कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग( डीएसीएफडब्ल्यू) एवं वाणिज्य विभाग।

इस एमओयू के तहत दालों के आयात  का लक्ष्य दालों के घरेलू उत्पादन की तुलना में बहुत कम है। दालों के आयात का घरेलू किसानों एवं मिलमालिक समुदाय पर कोई उल्लेखनीय प्रभाव नहीं पड़ा।

(घ) 2017-18 एवं 2018-19 के दौरान दालों के भारी घरेलू उत्पादन और किसानों के लिए बेहतर कीमत सुनिश्चित करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता को देखते हुए किसानों के हितों की रक्षा करने के लिए कुल प्रमुख दालों के आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध अधिरोपित कर दिए गए हैं। माह अगस्त, 2017 में तूर, मूंग एवं उड़द की आयात नीति 'मुक्त' से बदलकर 'प्रतिबंधित' कर दी गई। अप्रैल,2018 में मटर को जोड़ दिया गया। यह निर्णय कृषि वस्तुओं की कीमतों की समीक्षा के लिए अन्तर-मंत्रालयी समिति के निर्देश पर आधारित था।

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2834

दिनांक 10 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

## निर्यात संवर्धन योजनाओं का दुरुपयोग

**2834. श्रीमती रमा देवीः**

श्री सदाशिव किसान लोखंडेः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ऐसी कंपनियों की पहचान की है जो गत तीन वर्षों के दौरान सरकार को धोखा देने की मंशा से निर्यात संवर्धन योजनाओं का दुरुपयोग कर रही हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी कंपनी–वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उपरोक्त कंपनियों पर क्या कार्रवाई की गई है तथा किन नियमों के तहत इन पर कार्रवाई की गई है;

(घ) की गई कार्रवाई का परिणाम क्या है; और

(ङ) उपरोक्त परिणाम पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

**(श्री पीयूष गोयल)**

(क) से (ड.): सरकार की विदेश व्यापार नीति में कतिपय निर्यात सवर्धन स्कीमें हैं जिनका मुख्य उद्देश्य (i) निर्यात को बढ़ावा देने के लिए पूंजीगत माल के आयात पर सीमा शुल्क की छूट प्रदान करना, (ii) निर्यात के लिए माल के विर्निमाण हेतु कच्चे माल, संघटकों और उपभोज्य वस्तुओं आदि पर सीमा शुल्क से छूट प्रदान करना और (iii) निर्यात किए गए माल और सेवाओं के निर्यात से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए क्षतिपूर्ति प्रदान करना है। इन सभी स्कीमों में अन्तर्निहित दायित्व/निबधंन एवं शर्तें हैं जिनका ऐसी स्कीमों का लाभ लेने वाले व्यक्तियों द्वारा अनुपालन किया जाना आवश्यक है। सरकार इन दायित्वों की नियमित रूप से निगरानी करती है। अनुपालन न किए जाने के मामले में चूककर्ताओं के विरूद्ध कार्रवाई की जाती है। इन कार्रवाईयों में प्राधिकार पत्र का निलंबन/निरस्तीकरण, किसी निर्यात संवर्धन स्कीम का लाभ लेने से चूक कर्ता को काली सूची में डालना, वित्तीय दंड लगाना, आयातक और निर्यातक कोड संख्या का निरस्तीकरण/निलंबन और आपराधिक कार्यवाही आरंभ करना शामिल हो सकते हैं। ऐसे दंडात्मक प्रावधान विदेश व्यापार नीति/प्रक्रिया पुस्तक, विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 और विदेश व्यापार (विनियमन) नियम 1993 में विद्यमान हैं। पिछले तीन वर्षों अर्थात 1 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2019 के दौरान निर्यात संवर्धन स्कीमों के अन्तर्गत आगे के लाभ से वंचित करते हुए 1865 व्यक्तियों को "अस्वीकृत ईकाई सूची" के अंतर्गत डाला गया है तथा 1374 मामलों में जुर्माना लगाया गया हैं। उपर्युक्त के अलावा चूककर्ताओं के विरूद्ध राजस्व विभाग द्वारा भी कार्रवाई की जाती है। पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्व विभाग ने 400 मामलों की पहचान की है और उन पर जुर्माना लगाया है। लगाए गए जुर्माने का क्षेत्रीय प्राधिकारी वार विवरण और कम्पनियों जिनके विरूद्ध राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई की गई है, की सूची संलग्न हैं।

*****

वर्ष 2016—17

## निर्यात संवर्धन स्कीमों का दुरूपयोग

राशि लाख रु. में

| कम्पनी का नाम | पुष्टि की गई शुल्क अपवंचन राशि | वसूल की गई शुल्क की राशि | दंड/जुर्माने की राशि |
|---|---|---|---|
| ब्राह्मणी फैब | 8.65 | 1.35 | 13.65 |
| श्रीजी क्रिष्शन | 16.6 | 8.74 | 24.1 |
| पार्थ क्रिएश | 0.65 | 0.65 | 4.4 |
| जेनिथ एक्सपोर्ट्स | 4.2 | 4.2 | 0.1 |
| प्रिंस पाइप्स एंड फिटिंग्स प्रा.लि. | 52.91 | 52.91 | 0.25 |
| लांबा टिम्बर वर्क्स प्रा. लि. | 18.21 | 18.21 | 1 |
| कोणार्क ओवरसीज प्रा. लि. | 3.31 | 3.31 | 0.5 |
| एनएम ओवरसीज | 18.2 | 18.2 | 4.8 |
| एवरशाईन | 45.98 | 0 | 0 |
| डिवाइन इन्डस्ट्रीज | 46.8 | 0 | 0 |
| ओम एक्जिम मेहसाना | 2.67 | 2.67 | 0.94 |
| निमेष इंटरनेशनल | 5.65 | 0 | 0 |
| यूजा पैकेजिंकत्रग | 4.26 | 0 | 0 |
| मैपल एक्सपोर्ट्स | 4.02 | 4.02 | 1.03 |
| रंकस टैक्सफैब | 130 | 130 | 29.6 |
| एच.के. एग्रो इम्पेक्स | 38.9 | 13.5 | 21.8 |
| ग्लोबल एक्ज़िम | 32.48 | 15.1 | 18.2 |
| एच.के. एग्री प्रोक्ट्स | 20.29 | 10.4 | 11.3 |
| अरशद कैश्यू इन्डस्ट्री | 14.73 | 14.73 | 0.85 |
| आकांक्षा डिस्ट्रिब्यूटर्स प्रा.लि. | | 33.37 | |
| बाहमणी रिवर पिलेटस लि. | 2403.47 | 0 | 2403.47 |
| मैसर्स सदर्न गोल्ड प्रा.लि. | | | |
| विनायक फैशन | 19 | 19 | 6.76 |
| भारत फोर्ज लि. | 171.99 | 171.99 | 0 |
| बिल्ट ग्राफिक पेपर प्रोडक्ट्स | 11.7 | 11.7 | 0 |
| सेफ़र डिजिटल स्टूडियों प्रा.लि. | 3.25 | 0 | 0 |
| एल.एम. विंड पावर | 45.88 | 14.03 | 0 |
| टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स लि. | 47.76 | 51.1 | 0 |
| भारत सीरम और वेकसिंस लि. | 540.61 | 579.71 | 81.09 |
| एनाल्टेक लैब्स प्रा. लिमिटेड | 43.83 | 46.13 | 6.57 |
| जिलानी आर्ट्स | 0 | 9.45 | 4.38 |
| मेहरा ओवरसीज | 0 | 0 | 0 |
| वेडा ट्रेड | 0 | 9.49 | 0 |
| सनोफी इंडिया लि. | 0.92 | 1.12 | 0 |
| राइनो बैम्बू इन्डस्ट्री | 3.98 | 1.19 | 0.25 |
| केली इंफ्रा प्रोजेक्ट लि. | 505.51 | 125.83 | 220 |
| इंडियन टेक्नोमैक | 1671.16 | 38 | 2671.16 |
| धर्मारथिना टेक्सटाइल्स प्रा. लि. | 42.42 | 0 | 27 |
| सौदेश्वरी मिल्स प्रा. लि. | 27.7 | 1.66 | 21 |
| कुट्टी स्पिनर्स प्रा.लि. | 27.96 | 2.1 | 24.5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| राजेश्वरी एक्जिम इंडिया | 0 | 0 | 2 |
| जीएस इन्टरनेशनल | 0 | 0 | 2.64 |
| मुटास इंपेक्स | 0 | 0 | 3.5 |
| वी.जी इलेक्ट्रानिक्स सेमिकन्डक्टर लि. | 0 | 0 | 3.2 |
| चड्ढा प्लास्टिक | 0 | 0 | 5.05 |
| सिमट्रानिक्स | 29.7 | 0 | 2.95 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 94.66 | 0 | 10.5 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 119.26 | 0 | 13.5 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 63.26 | 0 | 7 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 251.25 | 0 | 20 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 15.16 | 0 | 1.5 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 11.73 | 0 | 1 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 29.29 | 0 | 2.75 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 6.25 | 0 | 0.6 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 18.66 | 0 | 1.75 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. (ईपीसीजी) | 84.99 | 0 | 10 |
| तिशानी इंपेक्स | 0 | 0 | 15 |
| शिरीन इंटरनेशनल | 0 | 0 | 25 |
| ऐस लाइन्स | 0 | 32.03 | 17.3 |
| सनराइज एक्सपोर्ट्स | 0 | 0 | 2 |
| स्विफ्ट इंटरनेशनल | 0 | 0 | 17 |
| शिवम यूजेड इंटरनेशनल | 0 | 0 | 1 |
| पीयरलेस वैली | 0 | 0 | 7 |
| एआर एंटरप्राइजेज | 0 | 0 | 1 |
| केपीएस एंटरप्राइजेज | 0 | 0 | 1 |
| प्रीतम एक्सपोर्ट्स | 0 | 0 | 11.5 |
| ग्लोबल एंटरप्राइजेज | 0 | 0 | 8.5 |
| प्राडो इन्फोसिस | 0 | 0 | 11 |
| डोल्से कोरामा | 0 | 0 | 6 |
| वैस्टर्न केयर | 0 | 0 | 6 |
| रोज वेयर | 0 | 0 | 15 |
| पविश टेक्सटाइल (प्रा.) लि. | 0 | 0 | 10 |
| मोहित इम्पेक्स | 0 | 0 | 8 |
| ईरा एक्जिम एंटरप्राइजेज | 0 | 0 | 2 |
| एसएमजी इंडिया | 0 | 0 | 3 |
| अविसो इंडिया | 0 | 0 | 5 |
| शान्त एक्सपोर्ट | 0 | 0 | 2 |
| ए डी एक्सपोर्ट्स | 0 | 0 | 3 |
| एसआरएल एक्जिम | 0 | 0 | 14 |
| गुरु एक्सपोर्ट्स | 0 | 0 | 20 |
| सार्थक एक्जिम प्रा. लिमिटेड | 0 | 0 | 4 |
| स्पेस उद्यम | 0 | 0 | 3.69 |
| याहवी एक्सपोर्ट्स | 0 | 0 | 6 |
| एमजेआर एक्जिम प्रा. लिमिटेड | 0 | 0 | 4 |
| करात इंटरनेशनल एक्सपोर्ट्स | 0 | 0 | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| मीत एक्सपोर्ट्स | 0 | 0 | 5 |
| पिकासो एक्जिम | 0 | 0 | 8 |
| संजीव गारमेंट्स | 0 | 0 | 100.1 |
| अबीर केमिकल्स लि. | 50.79 | | 14 |
| एक्सपोर्ट इंडिया | 152.26 | शून्य | 40 |
| राशी वेयर प्रा. लि. | 19.82 | शून्य | 10.45 |
| जेन्वीन आर्टस | 95.24 | शून्य | 24 |
| लकी इंटरनेशनल | 55.12 | शून्य | 15 |
| पूर्ति टेक्सटाइल मिल्स | 10.41 | शून्य | 4 |
| अबीर केमिकल्स लि. | 19.89 | शून्य | 5.2 |
| एक्सपेक्टेशन्स | 5.11 | शून्य | 2.5 |
| भरत उद्योग | 5.91 | शून्य | 80.61 |
| साधना फैशन | 18.19 | शून्य | 10 |
| अबीर केमिकल्स लि. | 50.79 | शून्य | 14 |
| एपेक्स इलेक्ट्रिकल्स लि. | 52.55 | शून्य | 13 |
| एपेक्स इलेक्ट्रिकल्स लि. | 478.37 | शून्य | 107 |
| एपेक्स इलेक्ट्रिकल्स लि. | 463.11 | शून्य | 100 |
| एपेक्स इलेक्ट्रिकल्स लि. | 175.09 | शून्य | 35 |
| मीनेजेम रासायनिक प्रा. लि. | 8.8 | शून्य | 3.6 |
| एपेक्स इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड | 45.86 | शून्य | 11.2 |
| हमको माइनिंग एंड स्मेल्टिंग लि. | 331.3 | शून्य | 78 |
| एपेक्स इलेक्ट्रिकल लिमिटेड | 18.18 | शून्य | 6.55 |
| अबीर केमिकल्स लि. | 15.78 | शून्य | 4 |
| अबीर केमिकल्स लि. | 43.65 | शून्य | 11.3 |
| अबीर केमिकल्स लि. | 28.98 | शून्य | 7.4 |
| आर.एन. भाटिया | 62.66 | शून्य | 15 |
| ब्लू नेस्ट एक्सपोर्ट | 23.95 | शून्य | 0 |
| पेन्नार एल्युमिनियम कंपनी लि. | 240.54 | शून्य | 60 |
| अबीर केमिकल्स लि. | 48.5 | शून्य | 12.55 |
| विन्यरोयल प्लास्टीकोटस प्रा.लि. | 27.06 | शून्य | 6.7 |
| पंकज एक्सट्रूजन लिमिटेड और हितेश शाह | 326.7 | शून्य | 626.7 |
| नेशनल लेदर क्लॉथ कंपनी | 71.99 | शून्य | 14 |
| नेशनल लेदर क्लॉथ कंपनी | 106.66 | शून्य | 15 |
| नेशनल लेदर क्लॉथ कंपनी | 106.66 | शून्य | 15 |
| गुजरात सिप्रोमेट | 12.57 | शून्य | 3.95 |
| नोबल मर्चेंडाइज लि. | 85.44 | शून्य | 20 |
| नोबल मर्चेंडाइज लि. | 61.55 | शून्य | 15 |
| नोबल मर्चेंडाइज लि. | 158.18 | शून्य | 40 |
| नोबल मर्चेंडाइज लि. | 131.53 | शून्य | 25 |
| बीबास टेक्सटाइल प्रा. लि. | 63.24 | शून्य | 15 |
| नेशनल लेदर क्लॉथ मैनुफै. कम्पनी | 99.55 | शून्य | 15 |
| हैमकोमाइनिंग एंड स्मेल्टिंग लि. | 437.61 | शून्य | 91 |
| हैमकोमाइनिंग एंड स्मेल्टिंग लि. | 331.3 | शून्य | 78 |
| हैमकोमाइनिंग एंड स्मेल्टिंग लि. | 815.51 | शून्य | 205 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेवा एंटरप्राइजेज | 70.54 | शून्य | 17 |
| सेफटेक डिस्पोजेबल प्रा. लि. | 19.35 | शून्य | 9.9 |
| रिलायंस सिलिकॉन | 53.15 | शून्य | 12.5 |
| डुप्लेक्स वायर्स प्रा. लि. | 21.94 | शून्य | 63 |
| मैसर्स सुप्रीम इंडिया इम्पेक्स लि. | 1.62 | -- | 3.5 |
| ओम हैंडीक्राफ्ट | 9.35 | -- | 4 |
| मैसर्स जे.वाई. इन्टरनेशनल | 4 | -- | 9.5 |
| सीजन्स ओवरसीज | 0 | -- | 6 |
| मैसर्स सांवरिया इंपेक्स | 13.13 | 1.99 | 13.32 |
| मैसर्स टीएमबी इलेक्ट्रॉनिक्स | 9.59 | 1.43 | 9.67 |
| मैसर्स श्री बालाजी एंटरप्राइजेज | 13.59 | -- | 11 |
| मैसर्स वाडिया एक्सपोर्ट्स | 2.42 | -- | 4.5 |
| मैसर्स ड्रीम होम कारपेटस | 7.43 | 7.43 | 2.5 |
| मैसर्स ब्लू ओशन एंटरप्राइजेज | 50 | 50 | 50 |
| मैसर्स स्कैंडिया एक्सपोर्ट्स प्रा. लि. | 57.17 | 57.17 | 55 |
| मैसर्स श्री वेंकटेश्वर एक्सपोर्ट | 1.77 | 1.77 | 10 |
| मैसर्स जोनाम इंटरनेशनल | 5.71 | -- | 2.07 |
| मैसर्स आरपीएस क्लोदिंग लिनन प्रा. लि. | 3.17 | -- | 4.17 |
| मैसर्स कुंदन ट्रेडिंग | 12.58 | -- | 3 |
| मैसर्स ईस्टर्न रग मैन्युफैक्चरर्स | 0.85 | -- | 0.3 |
| मैसर्स एस्सिपॉस फैशन प्राइवेट लि. | 12.56 | -- | 12.5 |

वर्ष 2017—18

राशि लाख रु. में

| कम्पनी का नाम | पुष्टि की गई शुल्क अपवंचन राशि | वसूल की गई शुल्क की राशि | दंड/जुर्माने की राशि |
|---|---|---|---|
| पटेल वुड्स प्रोडक्ट्स प्रा. लि. | 267.45 | 31.38 | 9 |
| आर्नेट सिरेमिक लि. | 291.75 | 9.03 | 9 |
| सोगो सेरामिक्स प्रा लिमिटेड | 343.05 | 65.36 | 4 |
| एस्सार ऑयल लि. | 2778.42 | 0 | 2778.42 |
| पायनियर एक्सट्रूडर प्रा. लि. | 43 | 0 | 0.5 |
| एमआर एग्रो | 18.91 | 0 | 0 |
| किशोर एक्सपोर्ट्स | 32 | 0 | 0 |
| रॉयल हाइजीन केयर | 227.86 | 34.26 | 0.1 |
| अमूल्य वस्त्र | | | |
| माँ दुर्गा एम्ब्रोयड्री | 8.22 | 0 | 2.85 |
| आर.पी. निटवेयर्स | 2.41 | 2.41 | 0.5 |
| वंजारा एक्सपोर्ट्स | 3.37 | 3.37 | 0.65 |
| डी.एल. सम्राट होजरी | 2.09 | 0.34 | 0 |
| चोपड़ा फैशन, लुधियाना | 6.08 | 6.08 | 1.4 |
| ऋषि निटवेअर | 2.52 | 2.52 | 0.75 |
| अमित एम्ब्रोयड्री, लुधियाना | 1.57 | 1.57 | 0.39 |
| नव पंकज क्रिएशंस | 0 | 0 | 0.75 |
| डी.के. डावर होजरी | 2.68 | 2.68 | 1.67 |
| विकास फैशन, लुधियाना | 2.62 | 2.62 | 2.4 |
| पीएस और एवी निटवेयर्स | 0 | 0 | 0.75 |
| एस.एस. होजरी वर्क्स | 0 | 0 | 1.5 |
| एन.के. गोयल निटवियर्स | 0 | 0 | 0.6 |
| गुरु नानक होंजरी | 1.4 | 1.4 | 0.85 |
| एम.एस सैनी निटवियर्स | 0.31 | 0.31 | 4.07 |
| पी एस इन्टरनेशनल | 1.62 | 1.62 | 1.8 |
| रेडिएंट निटवियर्स | 3.78 | 3.78 | 1.94 |
| निटवे इंटरनेशनल | 1.2 | 1.2 | 0 |
| शरमन निट फैशन और उपल होजरी | 3.56 | 3.56 | 3.75 |
| उप्पल होजरी | 0 | 0 | 0.89 |
| शंकर एम्ब्रोयड्री | 3 | 3 | 2.95 |
| कोशकी क्रिएशन | 4.93 | 4.93 | 0.73 |
| राधा निटवियर्स | 3.78 | 3.78 | 0.56 |
| अंसारी निटवियर्स | 16.91 | 16.91 | 2.53 |
| प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड | 571.89 | 572.57 | 571.89 |
| एक्जिओम कॉर्डेज | 1262.26 | 0 | 2.5 |
| अमित फिलामेंट्स | 6.76 | 6.76 | 7 |
| आदित्य एंटरप्राइजेज | 40.4 | 0 | 3 |
| रियांश फैशन | 27.92 | 27.92 | 25 |
| रिया डेनिम | 33.72 | 33.72 | 29.5 |
| इंडियन टेक्नोमैक लि. | 1179.07 | 1100 | 2179.07 |
| भूषण स्टेल लि. | 310.55 | 335.48 | 24.93 |
| वीजा बाओ लिमिटेड | 5.9 | 0 | 8.5 |
| गणपति स्पिनिंग मिल्स | 50.49 | 50.49 | 30 |
| वांडेयू इंटरनेशनल प्रा. लि. | 0 | 0 | 0.375 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ओमेगा मार्केटिंग | 0 | 0 | 17.6 |
| मोहता प्लाइवुड इंडस्ट्रीज प्रा. लि. | 0 | 0 | 5.47 |
| कॉर्नाडो ट्रेडर्स प्रा. लि. | 0 | 0 | 10.66 |
| नारायण ओवरसीज लि. | 0 | 0 | 5.4 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 38.31 | 0 | 3.5 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 47.06 | 0 | 4.5 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 45.91 | 0 | 4.25 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 14.21 | 0 | 1.25 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 4.61 | 0 | 1 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 1.39 | 0 | 1 |
| लिलिपुट किडस्वियर लि. | 3.28 | 0 | 1 |
| सुजल सेवन सीज एक्सपोर्ट प्रा. लि. | 0 | 0 | 13 |
| रॉकलैंड ओवरसीज | 0 | 2 | 23.34 |
| उमेश एक्सपोर्ट्स | 0 | 0 | 11 |
| डीएटीसी (इंडिया) प्रा. लि. | 23.23 | शून्य | 22.25 |
| एसजीएल कार्बन इंडिया | 39.28 | शून्य | 33.5 |
| एम्पावर जेनसेट्स प्रा. लि. | 27.11 | शून्य | 27.5 |
| एक्सपेक्टेशंस/सेफ्टके | 5.11 | शून्य | 2.5 |
| गुजरात साइप्रोमेट | 18.62 | शून्य | 5.1 |
| स्काईलिंक केमिकल्स प्रा. लि. | 10.98 | शून्य | 7 |
| स्काईलिंक केमिकल्स प्रा. लि. | 15.82 | शून्य | 11.5 |
| स्काईलिंक केमिकल्स प्रा. लि. | 20.37 | शून्य | 12 |
| एक्सपेक्टेशंन्स | 9.7 | शून्य | 1.96 |
| स्काईलिंक केमिकल्स प्रा. लि. | 9.91 | शून्य | 5.9 |
| भगवती रेडीमेड कॉर्पोरेशन | 29.68 | शून्य | 24.95 |
| स्काईलिंक केमिकल्स प्रा. लि. | 10.85 | शून्य | 8.5 |
| स्काईलेड केमिकल्स लि. | 8.47 | शून्य | 5.8 |
| स्काईलेड केमिकल्स लि. | 13.39 | शून्य | 9.3 |
| स्काईलिंक केमिकल्स प्रा. लि. | 7.91 | शून्य | 6.75 |
| स्काईलिंक केमिकल्स प्रा. लि. | 37.1 | शून्य | 33.5 |
| स्काईलिंक केमिकल्स प्रा. लि. | 36.48 | शून्य | 23 |
| स्काईलिंक केमिकल्स प्रा. लि. | 7.05 | शून्य | 5.7 |
| एसजीएल कार्बन इंडिया | 3.61 | 7.69 | 5.35 |
| एम्पावर्ड जेनसेट्स प्रा. लि. | 15 | शून्य | 16.5 |
| स्काईलेड केमिकल्स लि. | 34.46 | शून्य | 23.4 |
| पीतांबरा बुक्स प्रा. लिमिटेड | 34.44 | शून्य | 30 |
| विंटेज केमिकल्स | 12.47 | शून्य | 6.2 |
| एपेक्स इंटरनेशनल | 10.39 | शून्य | 10 |
| आर के पॉलिमर | 12.18 | शून्य | 11 |
| स्काईलेड केमिकल्स लि. | 28.92 | शून्य | 27.85 |
| नायडू सिंथेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड | 39.13 | शून्य | 9.4 |
| वेन्ट्रान आर्ग्रेनिक्स लि. | 30.24 | शून्य | 7.75 |
| विनिरायॅल प्लास्टीकोटस लि. | 45.81 | शून्य | 11.3 |
| देवकी एक्सपोर्ट्स लिमिटेड एड अदर्स | 272.73 | शून्य | 75 |
| वेस्ट कोस्ट इंडस्ट्रीज | - | शून्य | 4.28 |
| मेसर्स पेनिनसुला एक्सपोर्टस | 0 | 0 | 4 |
| नील एक्जिम | 12.74 | 0 | 0 |

वर्ष 2018–19

राशि लाख रु. में

| कम्पनी का नाम | पुष्टि की गई शुल्क अपवंचन की राशि | वसूल की गई शुल्क राशि | दंड/जुर्माने की राशि |
|---|---|---|---|
| आशुतोष क्रिएशन | 7.55 | 0 | 16.55 |
| चीन फैशन | 10.23 | 0 | 0.5 |
| डाल्टा एग्रोटेक | 24.6 | 0 | 0 |
| डिवाइन ओवरसीज | 0 | 0 | 4 |
| के जी एंटरप्राइजेज | 0 | 0 | 4 |
| यूनिवर्स इम्पेक्स | 2.63 | 2.63 | 3.13 |
| एस.एस. ट्रेडर | 0.51 | 0.51 | 5 |
| वी.एस. इंटरनेशनल | | | 2.2 |
| साधव इंजीनियरिंग लि. | 26.1 | 26.1 | 6.52 |
| जेन्यूइन एक्सपोर्ट | 0.224 | 0 | 0.578 |
| एयू फ़िन्जा ज्वेल्स | 324.364 | 0 | 43 |
| अनिका एपेरेल प्रा. लि. | 0.77 | 0 | 0 |
| कॉस्मिक एक्सपोर्ट सॉल्यूशंस (आई) लिमिटेड | 7.53 | 0 | 0 |
| ब्राइट ट्रेडर्स | 10.16 | 0 | 0 |
| यूनाईटेड एन्टर प्राइजेज | 4.08 | 0 | 0 |
| मोहम्मद अली एंड क. | 241.3 | 0 | 0 |
| पारस इंडस्ट्रीज | 176.7 | 0 | 0 |
| एन.एस. इंक | 195.21 | 0 | 0 |
| लाविन एक्सपोर्ट्स एंड इम्पोर्ट्स | 421.21 | 0 | 0 |
| यूनिवर्सल एलएसएस एक्सपोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लि. | 219.1 | 0 | 0 |
| सीसकी रायमेंट्स प्रा. लि. | 731.4 | 0 | 0 |
| जॉय गारमेंट्स | 24.95 | 0 | 0 |
| क्लासिक एजेंसी | 8.74 | 0 | 0 |
| हरदेव एक्सपोर्ट्स | 51.17 | 0 | 0 |
| प्रीतम ओवरसीज | 29.88 | 0 | 0 |
| ग्लास वर्ल्ड | 0 | 0 | 1.5 |
| राल्को स्टील लि. | 174.9 | 0 | 209.9 |
| अभिजीत एमएडीसी नागपुर एनर्जी प्रा. लि. | 477.26 | 0 | 65 |
| अभिजीत एमएडीसी नागपुर एनर्जी प्रा. लि. | 531.33 | 0 | 75 |
| इंडियन मेटल एंड फेरो एलायज | 0 | 20 | 20 |
| कृष्णा ओवरसीज | 0 | 0 | 3.08 |
| लक्ष्य क्रिएशन | 0 | 0 | 4.05 |
| औरा क्रिएशन | 0 | 0 | 3 |
| आर एस एक्सपोट्स | 0 | 0 | 4 |
| उषा इंडस्ट्रीज (भारत) | 0 | 0 | 5 |
| आर.जी.ओवरसीज | 0 | 0 | 3 |
| फैब इम्पेक्स ट्रेडर्स | 0 | 0 | 21 |
| कोरवेट ट्रेडलिंक प्रा. लिमिटेड | 0 | 0 | 2.02 |
| शिव ट्रेडर्स | 0 | 0 | 5.2 |
| कॉमट्रा एक्जिम एलएलपी | 0 | 0 | 3.2 |
| गौरवी ट्रेडिंग | 0 | 0 | 3 |
| सिल्वरलाइन इंपेक्स | 0 | 0 | 35 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| डिसेन्ट कलेक्शन | 0 | 0 | 65 |
| एन्टरप्राइज | 0 | 0 | 16.5 |
